हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 19 सितंबर 2025

9 शिक्षामंत्री कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर बैठक



10 सीडीएलयू में महिला इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता...



## खबर संक्षेप

### बुजुर्गों के लिए फ्री मेडिकल चेकअप कैंप 20 को

**फतेहाबाद।** वरिष्ठ नागरिकों के लिए वरिष्ठ नागरिक परिषद के तत्वाधान में नागरिक अस्पताल फतेहाबाद के सीएमओ कार्यालय के सहयोग से सितम्बर माह का निशुल्क मेडिकल चैकअप कैम्प 20 सितम्बर शनिवार को बाल भवन फतेहाबाद में प्रातः 9 बजे से प्रधान ईश्वर देवी सेठी की अध्यक्षता में लगाया जाएगा। सचिव सुग्रीव सिंह बिश्नोई ने बताया इस चेकअप कैम्प में सेवानिवृत डिप्टी सीएमओ के नेतृत्व में टीम वरिष्ठ नागरिकों की निःशुल्क जांच करेगी।

### कुत्ते से हमला करवाने पर आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** न्यायालय के आदेशों की अवमानना करने के मामले में थाना भुना पुलिस ने एक महिला आरोपी संतोष देवी पत्नी भगत सिंह, निवासी गांव नाढोडी को गिरफ्तार किया है। 30 जून से 2 जुलाई के बीच जब कोर्ट कर्मचारी भगत सिंह के घर वारंट तामील कराने गया, तो आरोपी की पत्नी संतोष देवी ने जानबूझकर अपने पालतू कुत्ते को छोड़कर कोर्ट कर्मचारी पर हमला करवा दिया, जिससे वह घायल हो गया।

### योग कक्षा प्रभारी सम्मान समारोह 21 सितंबर को

**रतिया।** पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट जिला फतेहाबाद द्वारा 21 सितंबर दिन रविवार सायं 5 बजे टिब्बा कॉलोनी स्थित श्रीराम आश्रम शिव मंदिर रतिया में जिले में विभिन्न स्थानों पर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के सानिध्य में चल रही निःशुल्क योग कक्षाओं के प्रभारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

### अवैध शराब सहित युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना सदर टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम के नेतृत्व में थाना सदर टोहाना पुलिस ने अवैध शराब सहित एक युवक को काबू किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त व जुर्म पड़ताल के लिए बासवारी प्राइवेट गाड़ी से फतेहपुरी से चंदड़ खुर्द रोड पर जा रही थी। इस दौरान एक युवक कंधे पर सफेद रंग का प्लास्टिक कट्टा लिए दिखाई दिया। शक के आधार पर उसे काबू किया गया, जिसने अपना नाम गुरप्रीत सिंह पुत्र अमरीक सिंह निवासी फतेहपुरी बताया।

### चोरी की गुत्थी सुलझी दो आरोपी दबोचे

**कालांवाली।** पुलिस ने गांव तारूआना क्षेत्र में एक घर से गेहूं व लोहे का सामान चोरी का पर्दाफाश करते हुए गांव क्षेत्र से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कालांवाली थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान मनप्रीत व लक्की के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा दस कट्टे गेहूं व लोहे का सामान भी बरामद कर लिया है।

### अवैध पिस्तौल सहित आदतन आरोपी दबोचा

**फतेहाबाद।** अपराध और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए फतेहाबाद पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि सीआईए टीम गश्त एवं जुर्म पड़ताल के लिए रतिया चुंगी से गांव अयालकी की ओर जा रही थी। इसी दौरान जब टीम हिसार-सिरसा बाईपास के समीप पहुंची तो एक युवक पुलिस गाड़ी को देखकर संदिग्ध रूप से भागने लगा। शक के आधार पर उसे काबू किया गया।

## दुकानदारों ने विरोध में बाजार किए बंद

# दुकानों के बाहर प्रशासन ने जेसीबी से तोड़े शेड और रैंप

*व्यापारी नेताओं ने नप से अतिक्रमण हटाने के समय में छूट देने की मांग की*







**फतेहाबाद।** अतिक्रमण हटवाते डीएमसी संजय बिश्नोई और डीसी कार्यालय पर विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए नगरपरिषद की टीम वीरवार सुबह ही दल-बल के साथ बाजारों में पहुंच गई। नगरपरिषद की टीम का नेतृत्व डीएमसी संजय बिश्नोई व नगरपरिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेन्द्र सोनी ने किया। टीम ने इस दौरान लघु सचिवालय होते हुए नेशनल हाइवे पर दुकानों के बाहर अवैध रूप से लगे लगे शेड उखाड़ दिए और रैम्पों को भी तोड़ डाला। नगरपरिषद टीम दुकानों के बाहर रखे सामान को ट्रॉली में डालकर ले गई। इस दौरान दुकानदारों ने गुहार भी लगाई, लेकिन अधिकारियों ने किसी की नहीं सुनी। मोबाइल मार्किट के दुकानदारों ने इस कार्रवाई का विरोध किया और अपनी दुकानें बंद कर दी। बाद में टीम ने दुकानदारों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए समय दे दिया। धड़ाधड़ एक के बाद एक कई दुकानों के आगे से अवैध सामान तोड़ा गया। फतेहाबाद नगर परिषद के द्वारा चलाए गए अतिक्रमण अभियान को लेकर दुकानदारों के साथ डीसी कार्यालय पर विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया पहुंचे।

### डीएमसी ने दी चेतावनी

एक दिन पहले बुधवार को भी डीएमसी के नेतृत्व में नगर परिषद टीम ने अनाज मण्डी के पीछे एसबीआई रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था। मगर, तब दुकानदारों के विरोध के चलते टीम समय देकर वापस लौट गई थी। दिन के समय में दुकानदारों द्वारा विरोध किए जाने के चलते नगर परिषद प्रशासन ने गुरूवार सुबह-सुबह ही इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। शहर में अधिकांश दुकानें सुबह 9 बजे के बाद ही खुलती हैं। ऐसे में डीएमसी संजय बिश्नोई सुबह 7 बजे से पहले ही कर्मचारियों को लेकर अतिक्रमण हटाने पहुंच गए। लघु सचिवालय के सामने से अतिक्रमण हटाने का काम शुरू करवाया गया। डीएमसी ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उन्होंने दोबारा अतिक्रमण किया तो उनके चालान किए जाएंगे और जुर्माना लगाया जाएगा।



**फतेहाबाद।** डीसी से मिलने पहुंचे व्यापारी नेता।

### अतिक्रमण पर छूट देने की गुजारिश

व्यापार मंडल फतेहाबाद के पदाधिकारी डीएमसी, ईओ,एम ई नगर परिषद से मिले और उन्हें अतिक्रमण के ऊपर छूट देने एवं समय सीमा बढ़ाने की गुजारिश की,, अधिकारियों ने व्यापार मंडल को आश्वासन दिया कि जो दो-तीन फीट का छज्जा है उसके नीचे किसने शैडिंग कर रखी है तो वह नगर परिषद नहीं तोड़ेगी और फुटपाथ के ऊपर कोई निर्माण है या छज्जा जिनका ज्यादा बढ़ा हुआ है वह हटा लें।

## फसल अवशेष प्रबंधन

# 45 हजार हैक्टेयर में धान की बिजाई, 12 गांव येलो जोन में

- ग्राम स्तर पर टीमों का गठन, अपने अपने क्षेत्र में पैनी नजर रखें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

धान के अवशेषों को जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए वीरवार को एसडीएम आकाश शर्मा ने लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम आकाश शर्मा ने बताया कि उपमंडल टोहाना में लगभग 45,100 हेक्टेयर भूमि पर धान की फसल बोई गई है। टोहाना के 12 गांव येलो जोन में चिह्नित किए गए हैं, जिन पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में फसल अवशेष प्रबंधन यंत्र उपलब्ध कराए जाएं। वर्तमान में उपमंडल में 34 स्ट्रा बेलर और 477 सुपर सीडर मशीनें उपलब्ध हैं, वहीं वर्ष 2025 में अतिरिक्त 11 स्ट्रा बेलर और 119 सुपर सीडर मशीनें और उपलब्ध कराई जाएंगी। एसडीएम ने बीडीपीओ को निर्देश दिए कि वे गांवों में शामलात भूमि चिह्नित कर उसकी सूची कृषि एवं राजस्व विभाग को उपलब्ध कराएं, ताकि पराली की गांठों को वहां सुरक्षित रूप से स्टोर किया जा सके। उन्होंने कहा कि एनजीटी द्वारा पराली जलाने पर कड़े निर्देश जारी किए गए हैं तथा केंद्र और प्रदेश सरकार भी फसल अवशेष प्रबंधन के लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं। एसडीएम ने अधिकारियों से कहा कि पराली जलाने की घटनाओं पर शत-प्रतिशत अंकुश लगाया जाए। इसके लिए ग्राम स्तर पर गठित टीमों की जवाबदेही तय की जाए और अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में पैनी नजर रखें।

### एसडीएम ने दिए आवश्यक निर्देश

एसडीएम ने कहा कि पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए पंचायत विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी आपसी तालमेल के साथ काम करें। इस कार्य में पुलिस भी अपनी अहम भूमिका निभाए। गांव में पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए और घटना की सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करें। एसडीएम आकाश शर्मा ने कहा कि संवेदनशील गांवों में स्कूलों व कॉलेजों में गतिविधियां चलाकर किसानों और युवाओं को जागरूक किया जाए। किसानों को समझाया जाए कि फसल अवशेष जलाने से मिट्टी की उपजाऊ शक्ति कमजोर होती है और पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचता है। उन्होंने बीडीपीओ को निर्देश दिए कि सभी गांवों में ग्राम सभा आयोजित कर फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया जाए।

# अवैध हथियार सहित दो गिरफ्तार

- एक नाजायज पिस्तौल 315 बोर व जिंदा कारतूस किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने दो युवकों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान जसदीप सिंह उर्फ जस पुत्र बेअंत सिंह निवासी चिदा, तहसील बागापुराना, जिला मोगा पंजाब और केशव शर्मा पुत्र अशोक कुमार निवासी अंबाला शहर के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि पुलिस टीम खैराती खेड़ा रोड स्थित एफसीआई गोदाम के पास गश्त के दौरान मौजूद थी।



**फतेहाबाद।** अवैध पिस्तौलों सहित गिरफ्तार दोनों युवक। *फोटो : हरिभूमि*

### शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज

दोनों युवक पुलिस को देखकर घबराकर भागने लगे। शक के आधार पर दोनों को काबू किया गया। तलाशी में जसदीप सिंह उर्फ जस के कब्जे से एक नाजायज पिस्तौल 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ, जबकि केशव शर्मा से एक जिंदा कारतूस 315 बोर मिला। बरामद हथियार और कारतूस को नियमानुसार सील कर कब्जे पुलिस में लिया गया। थाना शहर पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत थाना शहर फतेहाबाद में मामला दर्ज किया गया।

# किसानों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

- पानी की समस्या को लेकर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

क्षेत्र के गांव चौटाला के ग्रामीणों ने गुरुवार को चौटाला माइनर की टेल पर सिंचाई विभाग के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। इससे पहले किसानों ने प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर टेल पर पीने का पानी पहुंचाने की फरियाद की थी, लेकिन 3 सप्ताह के बाद भी प्रशासन के कानों तक आवाज नहीं पहुंची। आखिरकार टेल के किसानों ने चौटाला नहर की टेल पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। सूचना पाकर विभाग के जेई और एसडीओ सुनील गोयल धरनारत किसानों के बीच पहुंचे। किसानों ने जब एसडीओ से सवाल-जवाब किया तो वे किसानों के सवालों का जवाब देने में असमर्थ दिखे। इसके बाद किसानों ने विभाग के खिलाफ नारे लगाते हुए एसडीओ को वापस भेज दिया। किसानों ने बताया कि सुबह-सुबह बेलदार जोगिंदर नहर संभालने के लिए आया तो वहां पर मौजूद किसान आनंद पूनिया और एक अन्य किसान ने उनसे पूछा कि पानी कितना है, तो उन्होंने कहा कि सात हिस्से हैं। इस पर उनकी आपस में बहस हुई।



**सिरसा।** सिंचाई विभाग के खिलाफ रोष जाहिर करते किसान। *फोटो : हरिभूमि*

### एसडीओ को वापस भेजा

जोगिंदर की शिकायत पर एसडीओ ने किसानों के पास पुलिस बल भेज दिया जिससे गुस्साए किसानों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू की और एसडीओ को वापस भेज दिया। किसानों का कहना है कि जब तक चौटाला माइनर की टेल और दो मोगों पर प्रशासन पूरा पानी नहीं देता, तब तक धरना जारी रहेगा। धरने में दयाराम उलाणिया, राकेश फगोडिया, अश्विनी सहारण, विक्रम सहारण, सुरेंद्र गोदारा, कपूर सिंह, अनुज सहारण, अनिल जाखड़, सुखवीर,भंवरलाल, लीलाधर, रामकुमार आदि सैकड़ों किसान मौजूद थे।

# बाल कल्याण समिति ने संभाली नवजात की जिम्मेदारी

- झाड़ियों में मिली थी नवजात बच्ची, नागरिक अस्पताल सिरसा में भर्ती, स्वस्थ होने के बाद स्टेट एडॉप्शन अर्थॉरिटी को सौंपी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

चोपटा क्षेत्र में झाड़ियों में मिली नवजात बच्ची की हालत अब स्थिर है। बच्ची को नागरिक अस्पताल के नवजात गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की टीम लगातार उसकी देखभाल कर रही है। उधर बच्ची को गोद लेने के लिए लोग आगे आए है। नाथूसरी कलां की सरपंच रीटा कासनियां ने कहा कि उनके गांव में जो एक नवजात बच्ची मिली है वह सिरसा के नागरिक अस्पताल में भर्ती है। जैसे ही इस घटना की सूचना जिला बाल कल्याण समिति को मिली, समिति की अध्यक्ष अनीता वर्मा और सदस्य पूर्णिमा मोंगा ने तुरंत चौपटा थाना प्रभारी से संपर्क कर मामले की जानकारी ली। बाल कल्याण समिति ने नवजात की जिम्मेदारी संभाली है।

### अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

अनीता वर्मा ने बताया कि बच्ची के पूरी तरह स्वस्थ होने तक उसकी जिम्मेदारी नागरिक अस्पताल प्रशासन की होगी। उसके बाद उसे स्टेट एडॉप्शन अर्थॉरिटी को सौंपा जाएगा, जो उसके सुरक्षित भविष्य के लिए उचित कदम उठाएगी। इस मामले में चौपटा थाना पुलिस ने आशा वर्कर इंद्रा देवी की शिकायत पर अज्ञात महिला और पुरुष के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही उस महिला की पहचान कर ली जाएगी।

# सरकारी स्कूल में सीएम फ्लाइंग की रेड, जांची हाजिरी और मिड-डे-मिल का स्टॉक भी देखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

अनियमितताओं की मिल रही शिकायतों के बाद सीएम फ्लाइंग हिसार की टीम ने गुरूवार को फतेहाबाद जिले में नेशनल हाइवे स्थित गांव खाराखेड़ी के सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। टीम गांव खाराखेड़ी के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल और गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल में पहुंची। यहां प्रिंसिपल के कमरे में बैठकर रिकॉर्ड जांचा। इस दौरान टीम के साथ तहसीलदार आशीष कुमार भी मौजूद रहे। मिली जानकारी के अनुसार, हिसार फ्लाइंग हिसार को इन स्कूलों से संबंधित शिकायत मिली थी। इसके बाद सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार व सब इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह की टीम बनाकर इन स्कूलों में भेजी गई। साथ में तहसीलदार आशीष कुमार को लिया गया। टीम ने स्कूल में स्टूडेंट्स की संख्या, उनके रिकॉर्ड से लेकर टीचर्स की हाजिरी तक जांची है।

गुप्त सूचना के आधार पर की कार्रवाई

●

बारिकी से रिकॉर्ड की जांच पड़ताल की

## अतिरिक्त उपायुक्त ने समाधान शिविर में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

# नागपुर और बीराबदी में बरसात से गिरी मकान की छत, पीड़ितों ने मांगा अनुदान

*नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से करे समाधान : एडीसी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की शिकायते सुनी। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का यथाशीघ्र निपटान सुनिश्चित करें। समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना, ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं।



**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते एडीसी अनुराग ढालिया।

### ये शिकायतें हुई प्राप्त

समाधान शिविर में गांव धारसूल कलां निवासी केलो देवी ने विधवा पेंशन दोबारा चालू करवाने, गांव बीघड़ निवासी प्रभजोत ने गंदे पानी की निकासी हेतू नाले का निर्माण करवाने, गांव चिंदड़ निवासी सतीश ने मोगा हटवाने, गांव पीली मंदोरी निवासी सुनील कुमार ने पीपीपी में जाति सही करवाने, फतेहाबाद पुलिस मोहल्ला वार्ड नंबर 2 निवासी सुरेद्र ने स्कूल में कुंड से संबंधित मामला, अशोक नगर फतेहाबाद निवासी रामूर्ति ने जमाबंदी में नाम न होने, गांव ढिंगसरा निवासी सोहन ने दलित युवक को स्वास्थ्य संबंधी न्याय दिलवाने, गांव सरदारेवाला निवासी फूलाबाई ने आधार कार्ड गुम होने पर नया बनवाने, गांव नखाटिया निवासी सोनू ने जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम जुड़वाने, गांव भट्टू कलां निवासी मनोहर लाल ने राशन कार्ड दोबारा बनवाने, अमरचंद ने पेंशन बनवाने, गांव बीघड़ निवासी जसबीर ने राशन कार्ड दोबारा बनवाने, गांव कुकड़ावाली निवासी नारामणी ने बुढ़ापा पेंशन बनवाने, गांव रामसरा निवासी रूकमणी ने बारिश के कारण हुए नुकसान का मुआवजा दिलवाने की मांग की।

# हद....भुना मे मुआवजा फॉर्म भरने के नाम पर खुल गई दुकानें, किसानों से हो रही लूट

- फिलहाल सरकार की ओर से नहीं आई कोई गाइडलाइन

**भूना।** हाल ही में हुई भारी बरसात और जलभराव के कारण कई लोगों को नुकसान झेलना पड़ा है। इसी हालात का फायदा उठाकर कुछ लोगों ने बाजार में मुआवजा फॉर्म भरने के नाम पर दुकानें खोल ली हैं और जल प्रभावित लोगो से पैसे वसूलने की कोशिशें शुरू होने से संबंधित मौखिक शिकायतें मिल रही हैं। नगर पालिका के सचिव दीपक कुमार ने स्पष्ट किया है कि अभी तक सरकार की ओर से किसी भी प्रकार का मुआवजा फॉर्म भरवाने के लिए कोई आधिकारिक गाइडलाइन जारी नहीं की गई है। अगर किसी का नुकसान हुआ है तो उसकी जांच पहले मौके पर जाकर आधिकारिक टीम द्वारा की जाएगी। उसके बाद ही उच्च स्तर से आदेश जारी होने पर प्रशासन द्वारा फॉर्म पूरी तरह निशुल्क भरे जाएंगे। फिलहाल किसी भी प्रकार के फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है।

ऐसे में आमजन से अपील है कि वे अफवाहों और झूठे प्रचार से दूर रहें। जो लोग इस तरह से दुकानें खोलकर पैसे ऐंठ रहे हैं, वे लोगों की मजबूरी का फायदा उठा रहे हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि इस प्रकार की लूट को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जल्द ही ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका अधिकारियों का कहना है कि आमजन सावधान, सतर्क और सचेत रहें। बिना सरकारी आदेश और प्रशासनिक पुष्टि के किसी भी प्रकार का फॉर्म न भरें और न ही किसी को पैसे दें। जब भी मुआवजे को लेकर कोई प्रक्रिया शुरू होगी, उसकी सूचना सीधे सरकारी चैनलों और प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से दी जाएगी।




स्पेशल: बैटमैन-डे, 20 सितंबर

बच्चो, तुमने बैटमैन की कॉमिक्स पढ़ी होंगी या फिर उसकी फिल्में जरूर देखी होंगी। तुममें से कई बच्चों का तो फेवरेट कॉमिक सुपर हीरो बैटमैन होगा। दुनिया के सबसे फेमस फिक्शनल कैरेक्टर्स में से एक बैटमैन से जुड़ी कुछ अमेजिंग और इंटरेस्टिंग बातें यहां बता रहे हैं।

# इंटेलिजेंट-टेक्नोस्मार्ट वॉरियर कॉमिक सुपर हीरो बैटमैन

फिक्शनल कैरेक्टर
शिखर चंद जैन





बच्चो, तुम बैटमैन के कॉमिक्स खूब चाव से पढ़ते होगे। टीवी पर उसके कार्टून फिल्म्स या बैटमैन सीरीज की मूवीज भी देखी होंगी। तुम्हें पता है, इस सुपरहीरो कार्टून कैरेक्टर बैटमैन को याद करने के लिए एक खास दिन निश्चित किया गया है? हर साल सितंबर महीने के तीसरे शनिवार को बैटमैन-डे मनाया जाता है। इस बार बैटमैन-डे कल यानी 20 सितंबर को मनाया जाएगा। इस मौके पर जानो, बैटमैन से जुड़ी कुछ अमेजिंग-इंटरेस्टिंग बातें।

**साहसी-चतुर और टेक्नो एक्सपर्ट:** जहां अधिकतर कॉमिक सुपरहीरोज अपनी आलौकिक शक्तियों यानी सुपर नेचुरल पॉवर्स के लिए जाने जाते हैं। अपनी इन्हीं शक्तियों के दम पर वे विलेन पर जीत हासिल करते हैं। वहीं बैटमैन के पास कोई सुपर नेचुरल पॉवर नहीं है। उसका साहस, स्ट्रेटजी बनाने की स्किल, हार्ड ट्रेनिंग, बुद्धिमत्ता और टेक्नोलॉजी यूज करने की काबिलियत उसे उसके लक्ष्य तक पहुंचाती हैं और जीत दिलाती है। वह 127 मार्शल आर्ट फॉर्म्स में एक्सपर्ट है।

**86 साल पुराना कैरेक्टर:** बैटमैन को पहली बार अब से 86 साल पहले मई 1939 में डिटेक्टिव कॉमिक्स के 27वें अंक में पेश किया गया था। इसमें बैटमैन की इमेज क्रिएट की थी आर्टिस्ट बॉब केन ने और इसके लेखक थे, बिल फिंगर।

**छा गया हर ओर:** शुरुआती दिनों में तो बैटमैन को स्टोरी कॉमिक्स कैरेक्टर के रूप में पढ़ा जाता था। लेकिन कुछ ही समय में बैटमैन का कैरेक्टर इतना फेमस हुआ कि यह कॉमिक्स से आगे बढ़कर फिल्मों, टीवी शोज, वीडियो गेम्स और यहां तक कि कई सारे प्रोडक्ट्स के ब्रांड के रूप में भी दिखाई देने लगा।

**बहुत अमीर है बैटमैन:** बैटमैन का मूल नाम ब्रूस वेन है। सामान्य अवस्था में वह इसी रूप में रहता है। ब्रूस वेन को अकसर कॉमिक बुक के इतिहास में सबसे धनी पात्रों में से एक के रूप में चित्रित किया जाता है, जिसकी अनुमानित संपत्ति अरबों में है। ब्रूस वेन के इनकम का मुख्य सोर्स उसके परिवार की कंपनी वेन एंटरप्राइजेज है।

**जानता है कई भाषाएं:** बैटमैन कुल दस भाषाओं में बात कर सकता है। इनमें से सात भाषाएं वह धाराप्रवाह बोलता है। ये भाषाएं हैं- कैंटोनीज स्वाहिली, जापानी, स्पेनिश, फ्रेंच, अंग्रेजी, रूसी और इतालवी। साथ ही जर्मन और वियतनामी दो भाषाएं ठीक-ठाक और एक भाषा क्रिप्टोनियन अटक कर कामचलाऊ बोलता है।

**बैटमैन की हेल्प करते हैं रॉबिंस:** बैटमैन के कई सहायक पात्र भी हुए हैं, जिन्होंने रॉबिन की भूमिका निभाई है। जिनमें डिक ग्रेसन, जेसन टोड, टिम ड्रेक और डेमियन वेन शामिल हैं। हर रॉबिन की अपनी अनूठी कहानी है और विशेषताएं हैं।

**सीक्रेट हेडक्वार्टर है बैटकेव:** बैटमैन का गुप्त मुख्यालय यानी सीक्रेट हेडक्वार्टर बैटकेव है। यह कई तरह की सुविधाओं से युक्त है, जिसमें बैटकंप्यूटर और बैटमोबाइल जैसे कई सुपर पॉवरफुल चीजों का संग्रह शामिल है।

**बैटमैन का शहर गोथम सिटी:** उत्तरपूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका का एक काल्पनिक शहर है गोथम सिटी, जो डीसी कॉमिक्स द्वारा प्रकाशित अमेरिकी कॉमिक बुक्स में प्रदर्शित होने वाला प्रमुख शहर है। गोथम सिटी सुपरहीरो बैटमैन, उसके सहयोगियों और दुश्मनों के घर के रूप में जाना जाता है। गोथम को अकसर एक अंधकारमय और अपराध-ग्रस्त शहर के रूप में दर्शाया जाता है। यहां अपराध और भ्रष्टाचार होते रहते हैं।

**बैट-सिग्नल से बुलाते हैं बैटमैन को:** बैट-सिग्नल को पहली बार 1940 के दशक में गोथम सिटी पुलिस द्वारा बैटमैन को बुलाने के एक तरीके के रूप में पेश किया गया था। यह गोथम के नागरिकों के लिए आशा का प्रतीक है। जब भी बैटमैन को बुलाना होता है, बैट सिग्नल भेजा जाता है। *



## बैटमैन से जुड़ी कुछ और रोचक बातें

- बैटमैन के एक चाचा हैं, जिनका नाम फिलिप है।
- उसकी मां का नाम मार्था वेन है। इसे केन के नाम जाना जाता है।
- बैटमैन ने एक निजी जासूस हार्वे हैरिस के मार्गदर्शन में जासूस बनना सीखा।
- बैटमैन ने टेड ग्रांट (वाइल्डकैट) से मुक्केबाजी सीखी।
- बैटमैन के सूट पर कई बार इंद्रधनुषी पैटर्न बना हुआ दिखाया जाता है।
- बैटमैन का पसंदीदा व्यंजन मुलिगाटावनी सूप है।
- बैटमैन का एक 'दत्तक पुत्र' है, जिसका नाम जारो है। जारो एक जार में स्टारो (विशाल मानसिक तारामछली) का एक टुकड़ा है।

विशेष: रेड पांडा-दिवस, 20 सितंबर

बेहद क्यूट-सा दिखने वाला रेड पांडा दुनिया में कुछ ही इलाकों में पाया जाता है। इसको बचाए रखने को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए हर साल रेड पांडा दिवस मनाया जाता है। इस दिन के महत्व और इस जंतु की विशेषताओं के बारे में जानो।

# ताकि बचा रहे प्यारा अनोखा रेड पांडा

अनोखा जंतु / के.पी. सिंह



बच्चो, रेड पांडा दुनिया के सबसे खूबसूरत जंतु प्रजातियों में से एक है। इसे लेसर पांडा, फायरफॉक्स जैसे नामों से भी जाना जाता है। वनों की अंधाधुंध कटाई, अवैध शिकार करने, इनके आवास के खात्मे और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के चलते यह प्यारा-सा जंतु प्रजाति लुप्त होने के कगार पर पहुंच गया है। रेड पांडा की तेजी से कम होती संख्या को देखते हुए 'रेड पांडा नेटवर्क' संस्था द्वारा 18 सितंबर 2010 को पहली बार अंतरराष्ट्रीय रेड पांडा दिवस का आयोजन किया गया। तब से प्रत्येक वर्ष सितंबर माह के तीसरे शनिवार को अंतरराष्ट्रीय रेड पांडा दिवस मनाया जाता है।

**क्यों मनाते हैं रेड पांडा दिवस:** दुनिया भर के लोगों को रेड पांडा को बचाने का संदेश देने के लिए यह विशेष दिवस मनाया जाता है। रेड पांडा का दुनिया में अस्तित्व इसलिए जरूरी है, क्योंकि अपने पारिवारिक वर्ग में यह एकमात्र बची जीव प्रजाति है, जो जैव विविधता में इसकी अनोखी भूमिका और महत्व को दर्शाती है।



**होते हैं कई आयोजन:** रेड पांडा दिवस मनाने के लिए दुनियाभर के ऐसे चिड़ियाघरों में जहां रेड पांडा मौजूद हैं, विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस दिन रेड पांडा की देख-रेख करने वाले केयरटेकर, चिड़ियाघर घूमने आने वाले लोगों से इनके लुप्तप्राय होने के बारे में बताते हैं। लोगों को इनके महत्व को समझाते हैं कि किस तरह इनके बचाने से हमारी विविध पारिस्थितिकी तंत्र का बचाव संभव है। सोशल मीडिया में इस दिन कई तरह के अभियान चलाए जाते हैं, जैसे- हैश टैग सेव रेड पांडा, हैश टैग इंटरनेशनल रेड पांडा डे और हैश टैग आईआरपीडी आदि। पर्यावरण-जैव विविधता संरक्षण से जुड़े लोगों और संगठनों द्वारा आम लोगों को धरती पर रेड पांडा के अस्तित्व को बनाए रखने में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस मासूम जंतु प्रजाति को कैसे अवैध शिकार और व्यापार से बचाया जाए, इस बारे में भी विचार किया जाता है।

**कहां पाया जाता है रेड पांडा:** रेड पांडा मुख्य रूप से पूर्वी हिमालय के ऊंचे-घने बांस के जंगलों में पाया जाता है। यह भारत, नेपाल, चीन, म्यांमार और भूटान में खासतौर से पाया जाता है। जहां तक अपने देश में रेड पांडा की मौजूदगी का सवाल है तो ये मुख्यतः पूर्वोत्तर के हिमालयी क्षेत्रों में खासकर सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग क्षेत्र में पाया जाता है। देश में करीब 10 ऐसे नेशनल पार्क और सैंचुरी हैं, जहां रेड पांडा को संरक्षित किया गया है। इसके अलावा, दार्जिलिंग के 'फ्रोजन जू' की पहल पर रेड पांडा का डीएनए संरक्षित किया जा रहा है। इस तकनीकी पहल से भारत में रेड पांडा प्रजाति का संरक्षण लंबे समय तक के लिए किया जा सकता है। *

मजेदार किताब / चंद्रप्रकाश

## खेलगीतों का अनूठा संकलन




बच्चो, तुम कोई-न-कोई ऐसा खेल जरूर खेलते होगे, जिसे खेलते हुए गीत या जिंगल्स गाए जाते हैं। रंग-बिरंगे चित्रों से सजी-संवरी यह किताब 'गुमनाम खेलगीत' ऐसे ही खेलगीतों का अनूठा संकलन है। इस किताब में खेल-खेल में गाए जाने वाले अड़तीस छोटे-छोटे गीतों को संग्रहित किया गया है। इनमें से कई गीतों से तुम पहले से भी परिचित होगे क्योंकि तुमने भी खेलते हुए इन गीतों को कभी-न-कभी जरूर गाया होगा या गाते हुए खेल जरूर खेला होगा। कुछ तुक वाले तो कुछ बेतुके से लगने वाले, कुछ जाने-पहचाने, कुछ बिल्कुल नए-से ये खेलगीत तुम्हें खूब पसंद आएंगे। इस किताब की खास बात यह है कि इसमें संकलित इन गीतों को तुम्हारी ही उम्र के, छठी से लेकर नवीं कक्षा में पढ़ने वाले कई बच्चों ने मिलकर कलमबद्ध किया है। किताब के अंत में एक जगह उन खेलों को खेलने का तरीका भी बताया गया है, जिनके साथ ये खेलगीत गाए जाते हैं। *

**किताब:** गुमनाम खेलगीत, **लेखक:** अंकुर लेखक समूह, **चित्र:** पूजा के मेनन, **मूल्य:** 80 रुपए, **प्रकाशक:** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल और अंकुर सोसाइटी, दिल्ली

## हंसगुल्ले




**नैंसी:** मिनी की मम्मी को सब क्या कहकर बुलाते हैं?
**नव्या:** ये तो मुझे नहीं पता, तुम बताओ।
**नैंसी:** मिनीमम (मिनी-मम)।
-खुशबू, ईमेल से

**पापा:** गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया है, अब आगे नहीं जा सकते।
**मीकू:** कोई बात नहीं पापा ! गाड़ी को रिवर्स कर लीजिए, वापस घर चलते हैं।
-कमल, रायपुर

**सोनू:** ऐसा कौन-सा सेंटेंस है, जो हम बच्चे क्लास में सबसे ज्यादा बोलते हैं?
**मोनू:** 'मुझे नहीं पता।'
**सोनू (हंसते हुए):** हां-हां, बिल्कुल सही।
-साकेत, बिलासपुर

## जीके क्विज-171



1. एशिया कप वूमेन हॉकी 2025 का खिताब किस देश ने जीता?
2. हाल में ही नियुक्त किए गए फ्रांस के नए प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
3. देश के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. भारत का सर्वाधिक साक्षर राज्य कौन सा है?
5. भारत के 'मिसाइल मैन' के नाम से किसे जाना जाता है?
6. किस पठार को 'संसार की छत' कहा जाता है?
7. कौन-से दो विटामिन जल में घुलनशील होते हैं?
8. नाखून में कौन सा प्रोटीन पाया जाता है?
9. भारत के किस शहर को 'ब्लू सिटी' के नाम से जाना जाता है?
10. नीली क्रांति का संबंध किस क्षेत्र से है?

बच्चो, जीके क्विज-171 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-170 का उत्तर:** 1.दूसरा, 2.टीसीए कल्याणी, 3.सी.पी. राधाकृष्णन, 4. 14 सितंबर 1949, 5. 22 भाषाओं को, 6.सिक्किम, 7.न्यूटन, 8.सिद्धार्थ, 9.शेरशाह सूरी, 10.श्रीलाल शुक्ल

**जीके क्विज-170 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, आलोक-रायपुर, आद्या परी-मानपुर, रमेश-बैकुंठपुर,अश्विनी-राजनांदगांव, माधुरी-ईमेल से, भीमशंकर-डिंडौरी, नैतिक-मानपुर, ज्योति-बैकुंठपुर, आकाश-बिलासपुर

कहानी
विमला रस्तोगी



सामने शेर आ जाए तो बड़े-बड़े डर से कांप जाते हैं, लेकिन नन्ही चैताली के घर में जब शेर आ गया, वह डरी नहीं। उसने बहुत ही साहस और समझदारी से काम लिया। खूंखार शेर पकड़ा गया। चैताली ने यह कमाल कैसे कर दिखाया?

# साहसी चैताली



कक्षा आठ में पढ़ती है चैताली। पढ़ने में अच्छी है। उसकी दो छोटी बहने हैं- मनसा और विद्या। चैताली के पिता खेत पर काम करते हैं। मां भी साथ चली जाती हैं। समय मिलने पर चैताली भी खेतों पर चली जाती है। दिन छिपे भी खेत से अकेली लौट आती है। उसे जरा भी डर नहीं लगता। चैताली के पिता ने उसे साइकिल दिला दी है। वह पास की तहसील के बाजार में साइकिल से जाकर घर की जरूरत का सामान ले आती है। आस-पड़ोस वालों का भी सामान ला देती है।

चैताली अपनी पढ़ाई करने के साथ, अपनी दोनों छोटी बहनों को भी पढ़ाती है। आस-पास के घरों के बच्चों को भी होम वर्क करा देती है। गांव में सब उसको बहुत मानते हैं। वह सबकी मदद करने को तैयार रहती है।

चैताली के गांव में कच्चे-पक्के दोनों तरह के घर हैं। चैताली के घर के दो कमरे पक्के (सीमेंट-ईटों से) बने हैं। खाना बरामदे में बनता है। आगे सब खुला है। बस छोटी-छोटी लकड़ियों के सहारे पौधे लगाकर चार दीवारी-सी बना ली है। एक दिन शाम होने को थी। चैताली अपनी सहेली सोनिया के साथ कमरे में बैठी बातें कर रही थी। दोनों छोटी बहनें पड़ोस में गई थीं। तभी चैताली को शेर के गुर्राने की आवाज सुनाई दी। वह एकदम चौकन्नी हो गई। सहेली को मुंह पर अंगुली रखकर चुप रहने का इशारा किया। दबे पांव बाहर आई। देखा दूसरे कमरे में शेर आ गया है। शेर का मुंह दीवार की तरफ था। चैताली ने हिम्मत से काम लिया। उसने सावधानी से कमरे की दोनों कुंडी झट से बंद कर दी। लंबी सांस ली और तुरंत वन विभाग के दफ्तर में फोन कर दिया। चैताली को पता था कि शेर आदमी से ज्यादा होशियार नहीं होता।

सोनिया को किसी से भी शेर के बारे में कुछ बताने से मना किया, लेकिन वह चैताली के घर से बाहर निकली और बाहर आकर उसने अपने घर वालों को शेर के बारे में बता दिया। सोनिया के घर वालों ने पास-पड़ोस में कह दिया। चैताली भी अपने घर के बराबर वाले मकान में आ गई। उधर गांव वाले लाठी-डंडे लेकर आ गए। चैताली ने सबके सामने आकर सबको रोका, 'आप लोग बिल्कुल शोर मत करें। पिछली बार गांव में जब शेर आया था, सबने उसका पीछा कर उसे जख्मी कर दिया। शेर खेतों में छिप गया, वन विभाग वालों को भी नहीं मिला। डर के मारे बच्चे कई दिनों तक स्कूल पढ़ने नहीं गए। बड़ी मुश्किल से वन विभाग वालों ने शेर पकड़ा।' चैताली ने आगे बताया, 'मैंने फोन कर दिया है, वन विभाग वाले आते ही होंगे।'

तभी चैताली के माता-पिता भी वहां आ गए। कभी शेर की आवाज आती, सब डर जाते लेकिन चैताली नहीं डरती। जल्द ही वन विभाग वाले आ गए। साथ में शेर को बंद करने वाला कटघरा भी लाए थे। आते ही सारे कर्मचारियों ने अपनी पोजीशन ले ली और बहुत ही सतर्कता से शेर को पिंजरे में ले लिया। पिंजरे में आकर शेर जोर-जोर दहाड़ा। अब गांव वाले नहीं डरे।

वन विभाग के अफसर ने चैताली के साहस की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'चैताली के साहस की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। अगर शेर को देखकर चैताली बस्ती में भागती, शेर उसके पीछे भागता, चैताली घायल होती या कोई गांव वाला या फिर शेर ही घायल हो जाता। पता नहीं शेर कब पकड़ा जाता। इस संकट की घड़ी में भी चैताली ने जिस धीरज, समझदारी और साहस का परिचय दिया। वह अपने आप में एक मिसाल बन गया है।'

सबने ताली बजाकर चैताली को शाबाशी दी। वह भी बहुत खुश थी। कुछ दिनों बाद तहसील में हुए कार्यक्रम में प्रशासन ने चैताली को मेडल देकर सम्मानित किया। चैताली के माता-पिता और गांव वाले सब बहुत खुश थे। *

कविता
सुरेंद्र विक्रम



## पापाजी लाए गुब्बारे

रंग-बिरंगे सजे-धजे, आंखों के लगते सचमुच तारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।
ये अपनी धुन के पक्के हैं
कभी नहीं घबराते जी।
गैस भरी हो थोड़ी भी तो
सरपट दौड़ लगाते जी।
सचमुच कभी नहीं थकते, ये चलते पांव-पसारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।
सीधे-सच्चे, मन के अच्छे
जन्मदिवस पर सजते जी।
बिल्कुल केक नहीं खाते
बस फट-फटकर बजते जी।
इतने खुश रहते मानो, बढ़कर छू लेंगे चांद-सितारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।

## रंग भरो-185

**रंग भरो-185** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आशना, जांजगीर


वेदिका, बालोद


इज्यान, सूरजपुर



लक्षिका, कोरबा


अदिति, बंजारी



रेयांश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

अतुल-कवर्धा, डिंपल-दुर्ग, रवि-बिलासपुर, सानवी-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, खुशी-कोरबा

## रंग भरो 186

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में चिंटू और मिंकी स्लाइड पर फिसल रहे हैं। इस चित्र को तुम मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



खबर संक्षेप

## फसल अवशेषों को जलाने पर प्रतिबंध

**फतेहाबाद।** जिलाधीश डॉ. विवेक भारती ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए तुरंत प्रभाव से समस्त फतेहाबाद जिले में धान की फसल की कटाई के बाद बचे उसके अवशेषों को जलाने पर तुरंत प्रभाव से प्रतिबंध लगाया है। ये आदेश आगामी 5 दिसंबर, 2025 तक प्रभावी रहेंगे। जारी आदेश में बताया गया है कि जिला में धान की कटाई का सीजन शुरू हो चुका है और किसान धान की कटाई के बाद अपने खेतों में धान की पराली को जला देते हैं।

## सड़क हादसे के मामले में आरोपी चालक काबू

**फतेहाबाद।** थाना सदर रतिया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सड़क हादसे के आरोपी भगत सिंह पुत्र हरनाम सिंह निवासी आंकवली, जिला फतेहाबाद को काबू किया। थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि यह मामला मनजीत सिंह पुत्र खजान सिंह निवासी चिम्मो के बयान पर दर्ज किया गया था। बयान के अनुसार, 20 अगस्त की रात करीब 8:30 बजे गांव चिम्मो के बस अड्डा के पास माता दुर्गा मंदिर के सामने सड़क पर एक हादसा हुआ।

## नई दिशाएं-नई उड़ान योजना के तहत कॉन्फ्रेंस

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में वीरवार को नई दिशाएं-नई उड़ान योजना के अंतर्गत स्थानीय एडीआर सेंटर के कॉन्फ्रेंस हॉल में जेजे एक्ट विषय पर एक कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने की। इस कॉन्फ्रेंस में एलएडीसीए पैनल अधिवक्ता, पैरा लीगल वालंटियर्स तथा अन्य प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## वार्षिक समाधा मेला 28 को फतेहाबाद में

**रतिया।** सिद्ध समाधा का 76वां वार्षिक महोत्सव मेला समाधा हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी श्रद्धा और हर्ष के साथ फतेहाबाद के लाजपत नगर स्थित समाधा में 28 सितंबर को मनाया जा रहा है। वार्षिक मेले के लिए निमंत्रण देने हेतु रतिया पहुंचे समाधा मंदिर कमेटी के प्रधान देवेंद्र गोस्वामी ने बताया कि इस मेले में हरिद्वार से प्रसिद्ध भजन उपदेशक आचार्य भीष्म भारद्वाज, ईशा सरल तथा नरेंद्र कुमार धार्मिक भजन गायन और कथा का प्रवचन करेंगे। मंच संचालन धर्मेन्द्र गोस्वामी करेंगे। कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि वह आज रतिया क्षेत्र के श्रद्धालुओं को आमंत्रण देने के लिए आए हैं।

## बजरंग गर्ग 19 सितंबर को टोहाना में

**फतेहाबाद।** अग्रवाल सभा ट्रस्ट के सदस्य सुरेश सिंगला व ओकर गर्ग ने कहा कि वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग अग्रोहा धाम अग्रोहा विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में टोहाना के एअम सूट, मॉडल टाउन में 19 सितंबर को दोपहर 12 बजे होगी। इसमें अग्रोहा धाम में 7 अक्टूबर को लगने वाला 42 वां विशाल वार्षिक मेला व समाज के संगठन के विस्तार करने पर विचार किया जाएगा। इस मीटिंग में अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व अन्य समाज के प्रतिनिधि संबोधित करेंगे।

### शिक्षामंत्री कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर अध्यापक संघ की बैठक

# सरकार के लिए स्कूल बंद करना आसान अध्यापकों का तबादला मुश्किल : दुसाद

सभी स्कूलों की अलग-अलग एसएमसी कमेटी बनाने और अलग-अलग ग्रांट जारी करने की मांग



फतेहाबाद। आंदोलन को लेकर चर्चा करते अध्यापक संघ के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक आज जिला प्रधान राजपाल मिताथल की अध्यक्षता में एएचपीसी वर्कर यूनियन कार्यालय फतेहाबाद में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव देसराज माचरा ने किया। बैठक में राज्य उपमहासचिव कृष्ण नैन और राज्य ऑडिटर सुरजीत दुसाद उपस्थित हुए। बैठक में 23 सितम्बर को शिक्षामंत्री के कैम्प कार्यालय, पानीपत में किए जाने वाले प्रदर्शन की तैयारियों व आगामी आंदोलनों को चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए कृष्ण नैन व सुरजीत दुसाद ने कहा कि हरियाणा सरकार अप्रैल में अध्यापकों के तबादले करने का ढोल पीटने लगी थी, लेकिन अभी तक अध्यापकों के तबादले नहीं किये जा सके हैं। प्राथमिक अध्यापकों के तबादले 9 साल पहले किए गए थे। अध्यापकों की मांग है कि ऑनलाइन तबादला किया जाए। हरियाणा सरकार के लिए स्कूलों को बंद करना आसान है लेकिन अध्यापकों का तबादला करना बहुत बड़ी मुश्किल है। अध्यापक संघ मांग करता है कि सभी स्कूलों की अलग-अलग एसएमसी कमेटी हो और अलग-अलग ग्रांट जारी की जाए। नीति बनाकर टेट की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए। जिला सचिव ने बताया कि एसीपी, एलटीसी, मेडिकल बिलों को जिला स्तर पर भी अनावश्यक रूप से लटकाया जाता है।

### अध्यापकों का मानदेय करें जारी

काफी अध्यापकों की एलटीसी पिछले ब्लॉक वर्षों की पेंडिंग है। मुख्य शिक्षक प्रोमोशन मामला भी लंबे समय से सिरे नहीं चढ़ पाया है। जिला स्तर पर अगर यह काम सही तरीके से नहीं किए गए तो बहुत जल्द ही जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर संघ की तरफ से धरना दिया जाएगा। जिला प्रधान राजपाल मित्ताथल ने कहा कि एचकेआरएन के तहत लगे काफी अध्यापकों का मानदेय भी जारी नहीं किया गया है जबकि सभी स्कूलों में बजट है लेकिन सही दिशा निर्देश न होने के कारण डीडीओ उनका मानदेय निकलवाने में हिचक रहे हैं। संघ की मांग है कि जिला शिक्षा अधिकारी सभी डीडीओ को निर्देश दें कि इन अध्यापकों का मानदेय जारी किया जाए।



फतेहाबाद। सेवा पखवाड़ा के तहत एडीसी कार्यालय में साफ सफाई करते कर्मचारी।

सेवा पखवाड़ा

# एडीसी कार्यालय में चलाया साफ सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला में 17 सितंबर से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान की श्रृंखला में वीरवार को लघु सचिवालय प्रथम खंड के द्वितीय तल पर स्थित अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कार्यालय के कर्मचारियों ने मिलकर विभिन्न शाखाओं, कॉरिडोर, खिड़कियों तथा अन्य क्षेत्रों की सफाई की। अभियान के तहत कर्मचारियों ने न केवल सफाई की, बल्कि स्वच्छता का संदेश भी दिया, ताकि अन्य नागरिक भी स्वच्छता के प्रति जागरूक हों और इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

### अतिरिक्त उपायुक्त ने की कर्मचारियों की सराहना

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने सभी कर्मचारियों की सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सोच और जीवनशैली है। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा के दौरान हम न केवल अपने कार्यालयों को स्वच्छ रखें, बल्कि नागरिकों को भी प्रेरित करें कि वे अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखें। जिला प्रशासन आगामी 2 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से जनजागरूकता अभियान जारी रखेगा। उन्होंने यह भी बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला के सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ स्वच्छता से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं, जिनमें आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य जांच शिविर 320 रोगियों की विशेषज्ञ डॉक्टरों ने की जांच

- 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा विशेष स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां



भट्टूकलां। लोगों की स्वास्थ्य जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भट्टूकलां में आज एक विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 320 रोगियों की जांच विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा की गई। यह शिविर स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना है।

स्वास्थ्य केंद्र के एसएमओ डॉ. सुरेन्द्र विशु ने बताया कि शिविर में अनेक विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं। इनमें चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीत कौर, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीति पूनिया, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. गिरीश कुमार, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. जयप्रकाश, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश कसवां, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. मदन शामिल रहे। इनके अलावा अन्य चिकित्सा अधिकारियों और सहायक स्टाफ ने भी शिविर के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. सुरेन्द्र विशु ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत न केवल सामान्य बीमारियों की जांच की जा रही है, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श, दवाइयाँ और जरूरी स्वास्थ्य सुझाव भी निःशुल्क प्रदान किए जा रहे हैं। यह विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान भिन्न-भिन्न स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जहाँ विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम जरूरतमंदों की निःशुल्क जांच करेगी। स्वास्थ्य विभाग के इस प्रयास की स्थानीय लोगों ने सराहना की और शिविर में भारी संख्या में पहुँच कर इसे सफल बनाया। भविष्य में भी ऐसे शिविरों की माँग और उम्मीद जताई गई है।

## किसान से मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एक किसान के साथ मारपीट करने के मामले में जाखल पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान जगमेल सिंह पुत्र नक्षत्र सिंह और हरमेल सिंह पुत्र नक्षत्र सिंह निवासी नडैल को काबू किया। जाखल थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि यह मामला तरसेम सिंह पुत्र निर्नजन सिंह निवासी नडैल के बयान पर दर्ज किया गया था। बयान के अनुसार, 2 जुलाई को तरसेम सिंह अपने पुत्र जसकरण सिंह के साथ खेत में गया हुआ था। उसी दौरान पड़ोसी नक्षत्र सिंह और उसके परिवारजनों ने खेत की साझी जमीन पर ट्रैक्टर से जबरन जुताई कर दी। रोकने पर आरोपियों ने तरसेम सिंह और उसके पुत्र पर लाठी-डंडों व कस्सी से हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

न्यूज डायरी

## किसानों ने चौपटा के तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**चोपटा।** शिव मंदिर धर्मशाला में भारतीय किसान यूनियन की जिला स्तरीय बैठक हुई। बैठक के बाद किसानों ने मांगों को लेकर चौपटा के तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा। किसानों ने मांग की हिसार घग्घर के टूटने से किसानों की फसल डूबी है। वहीं अधिक बरसात से भी फसलों को नुकसान हुआ है। इसके लिए विशेष गिरदावरी करवा कर किसानों को समय पर मुआवजा दिया जाए। इसी के साथ ही हिसार घग्घर ड्रेन सेमनाला को लेकर भी चर्चा की गई। यूनियन के प्रधान व किसान नेता प्रकाश मेमरा ने कहा कि हिसार घग्घर के टूटने से किसानों की फसल डूबी है। वहीं अधिक बरसात से भी फसलों को नुकसान हुआ है। इसके लिए विशेष गिरदावरी करवा कर किसानों को समय पर मुआवजा दिया जाए। इसी के साथ हिसार घग्घर ड्रेन की सफाई मशीनों से करवाई जाए।

## मानसिक स्वास्थ्य व आत्महत्या रोकथाम पर कार्यशाला

**भूना।** राजकीय महाविद्यालय भूना के मनोविज्ञान विभाग की ओर से मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन प्रसिद्ध क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. सुमन पान्नू ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और आत्महत्या रोकथाम की वैज्ञानिक तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. छोटू राम मौजूद रहे, जबकि मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. रामनाथ ने आयोजन की जिम्मेदारी निभाई। इस मौके पर सहायक प्राध्यापक हिंदी पिंकी और सहायक प्राध्यापक डॉ. छोटू राम ने डॉ. सुमन पान्नू का स्वागत किया। डॉ. सुमन पान्नू ने कहा कि भागदौड़ और प्रतिस्पर्धा से भरी जिंदगी में लोग मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

## ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों पर लगाए रिफलेक्टर



**सिरसा।** जिला यातायात प्रभारी निरीक्षक शमशेर सिंह वीरवार को टीम के साथ्ज्ञ शहर के विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उतरे और बड़े वाहनों के पीछे रिफलेक्टर लगाकर उन्हें यातायात नियमों की पालना के लिए प्रेरित किया। जिला यातायात प्रभारी निरीक्षक शमशेर सिंह ने अपने नेतृत्व में हिसार रोड़, डबवाली रोड़, सांगवान चौक व बाबा भुम्मणशाह चौक आदि में ट्रकों, निजी स्कूलों की बसों, टेरक्टर ट्रॉली व पिकअप आदि के पीछे रिफलेक्टर आदि लगाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों की पूरी पालना करने की हिदायतें दी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सर्दी का मौसम आरंभ हो जाएगा और ऐसे में धुंध का भी वाहन चालकों को सामना करना पड़ेगा। धुंध में दुर्घटनाओं से बचने के लिए उपरोक्त वाहनों के पीछे रिफलेक्टर लगाया जाना बेहद अनिवार्य है।

## राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार द्वारा राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाली इच्छुक महिलाएं 14 नवंबर, तक अपने आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग फतेहाबाद के कार्यालय में जमा करवा सकती हैं। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के लिए एक लाख 50 हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के लिए एक लाख रुपये व प्रशस्ति पत्र, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार के लिए एक लाख रुपये व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाली एएनएम एमपीएचडब्ल्यू तथा नर्स, महिला खिलाड़ी, सरकारी कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता और महिला उद्यमी को 21-21 हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।



फतेहाबाद। जिला पुस्तकालय को लेकर डीसी से मिलने जाते संघर्ष समिति सदस्य।

# पंचायत भवन में पुस्तकालय संभव नहीं : उपायुक्त भारती

- अस्थाई भवन के लिए प्रशासन-संघर्ष समिति की बनेगी संयुक्त कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला पुस्तकालय को लेकर नए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने पुस्तकालय संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल से सौहार्दपूर्ण मुलाकात की। डीसी ने स्पष्ट किया कि पुस्तकालय के लिए अब प्रशासन और संघर्ष समिति की संयुक्त कमेटी मिलकर अस्थायी भवन की तलाश करेगी। संघर्ष समिति के संयोजक मोहन लाल नारंग के नेतृत्व में सदस्यों ने उपायुक्त से पंचायत भवन को अस्थायी पुस्तकालय बनाने की मांग रखी, लेकिन डीसी ने इसे संभव न बताते हुए कहा कि यदि अन्य विकल्प सुझाए जाते हैं तो उस पर विचार किया जाएगा।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में एडवोकेट देवी लाल, एडवोकेट सुशील बिश्नोई, एडवोकेट कमलेश विशिष्ठ, एडवोकेट शहनवाज, डॉ. रमेश सेठी, नवीन कुमार, मुकेश नारंग, योगेश गुप्ता और राजकुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। नए उपायुक्त ने साफ संकेत दिए हैं कि जिला पुस्तकालय की समस्या का समाधान अब प्रशासन और संघर्ष समिति की साझी पहल से ही निकलेगा।

# आयो सांवरियो सरकार नीलै पै चढ़ कै.... पर झूमे श्रद्धालु

- श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से एकादशी के उपलक्ष्य में भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया
- अनेक भजनों की दी प्रस्तुति
- श्यामप्रमियों ने जमकर नृत्य किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से एकादशी के उपलक्ष्य में भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया गया। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग बताया कि भजन गायकों ने- ऐसी कृपा करो मेरे श्याम सदा रहूं तेरे पास, कितना प्यारा है तू बगीची वाले श्याम हमारा है तू, प्यारा सा मुखड़ा घुघराले केश कलयुग का राजा खाटू नरेश, लो आ गया मैं शरण तेरी, श्याम तेरी मस्ती पागल कर जाती है, आएगा मेरा सांवरिया, तेरा किसने किया श्रृंगार सांवरे, सजा है प्यारा दरबार बाबा श्याम का सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी।

इसके बाद भिवानी से आए भजन गायक अनुराग मित्तल ने बाबा श्याम के चरणों में भजनों के माध्यम से अपनी हाजिरी लगाई। मित्तल ने भजन- आयो सांवरियो सरकार नीलै पै चढ़ कै, भर दे श्याम मेरी झोली भर दे, हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं, साथ हमारे कोन चलेगा तुम ना सुनोगे तो कोन सुनेगा, आ गया दर पे तेरे सुनवाई हो जाए, श्याम बाबा गो श्रृंगार मणै भावै, आ गया मै दुनियादारी सारी छोड़ के सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी जिन पर श्यामप्रमियों ने जमकर नृत्य किया। रात को भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। भजन संध्या के समापन पर बाबा श्याम की आरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।



फतेहाबाद। महिला की समस्या सुनते उपायुक्त डॉ. विवेक भारती।

# महिला की समस्या पर उपायुक्त ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा है कि जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने कार्यालय में आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या को गंभीरता से सुनें और उसका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। गुरूवार को उपायुक्त डॉ. विवेक भारती अपने लघु सचिवालय स्थित कार्यालय पहुंच रहे थे, तभी रास्ते में गेट पर एक महिला अपनी समस्या लेकर उनसे मिली। उपायुक्त ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उसकी शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और उचित समाधान का भरोसा दिलाया। इसके उपरांत उन्होंने कार्यालय में पहुंचकर आमजन से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं के त्वरित निवारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उपायुक्त ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि हमारी सेवा भावना का भी हिस्सा है।

# नई दिशा, नई उड़ान विषय पर सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। एडीआर सेंटर में नई दिशा नई उड़ान विषय पर सेमिनार को संबोधित करते वक्ता।

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के दिशा निर्देशन में जिला एडीआर सेंटर में स्पेशल जूविनाइल पुलिस यूनिट, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी व जिला बाल संरक्षण यूनिट के संयुक्त तत्वावधान में नई दिशा नई उड़ान विषय पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने की। सीजेएम गायत्री ने कहा कि स्पेशल जूविनाइल पुलिस को बाल अपराधियों के साथ केस के बारे में जांच के दौरान स्नेह पूर्वक व्यवहार करना चाहिए व बच्चों के दिमाग में यह नहीं होना चाहिए कि वह पुलिस की गिरफ्त में है और कोई बड़ा अपराध किया है। अपराध के समय उनकी मानसिक स्थिति कैसी थी, उसका भी अवलोकन किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता लीगल कम प्रोबेशन ऑफिसर बृजेश कुमार ने बच्चों के अधिकार, पोक्सो एक्ट, जेजे एक्ट व बच्चों से संबंधित हरियाणा सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न स्कीमों पर विस्तृत जानकारी दी। काउंसलर कुलदीप कौर ने कहा कि हालात चाहे कैसे भी हो हमें बच्चों का हाथ नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि बच्चे किस प्रकार और किन बीमारियों के कारण नशे या अपराध की दुनिया में जा सकते हैं। उन्होंने बच्चों से प्रेम पूर्वक बातचीत करने व उनको समझाने की मनोवैज्ञानिक विधियों के बारे में बताया।

### एप्पल डिवाइस यूजर्स के लिए साइबर सुरक्षा संबंधी चेतावनी जारी

# अनजान लिंक या ई-मेल पर क्लिक न करें : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



एसपी सिद्धांत जैन।

- टीम ने आईफोन, आई-पैड और मैकबुक जैसे डिवाइस यूजर्स के लिए हाई-रिस्क सिक्योरिटी अलर्ट जारी किया

भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रेस्पॉन्स टीम द्वारा एप्पल डिवाइस यूजर्स के लिए साइबर सुरक्षा संबंधी चेतावनी जारी की गई है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने नागरिकों को जागरूक करते हुए महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है।

एसपी जैन ने बताया कि साइबर अपराधी तकनीक का दुरुपयोग कर लोगों को निशाना बना रहे हैं। हाल ही में रेस्पॉन्स टीम ने आईफोन, आई-पैड और मैकबुक जैसे डिवाइस यूज़र्स के लिए हाई-रिस्क सिक्योरिटी अलर्ट जारी किया है। ऐसे में हर नागरिक को अपनी डिवाइस और निजी डाटा की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यूजर्स को डिवाइस का सॉफ्टवेयर और ऐप्स समय-समय पर अपडेट करना चाहिए तथा केवल आधिकारिक व विश्वसनीय ऐप स्टोर से ही एप्लिकेशन डाउनलोड करनी चाहिए।

### साइबर ठगी होने पर 1930 पर कॉल करें

अनजान ई-मेल, लिंक या एसएमएस पर क्लिक करना किसी भी स्थिति में खतरनाक साबित हो सकता है। पुलिस अधीक्षक द्वारा दी गई सावधानियां में कहा गया है कि डिवाइस का सॉफ्टवेयर और ऐप्स नियमित रूप से अपडेट करें। किसी भी अनजान लिंक, ई-मेल या एसएमएस पर क्लिक न करें। केवल अधिकृत व विश्वसनीय ऐप स्टोर से ही ऐप डाउनलोड करें। मजबूत पासवर्ड का प्रयोग करें। संदिग्ध कॉल, ई-मेल या मैसेज की तुरंत शिकायत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर करें। अपने डाटा का बैकअप सुरक्षित स्थान पर रखें। एसपी जैन ने कहा कि थोड़ी-सी लापरवाही बड़ा नुकसान पहुँचा सकती है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक लोगों को इस जानकारी से अवगत कराएँ, ताकि सभी साइबर अपराध से सुरक्षित रह सकें। आपकी सतर्कता ही आपकी डिजिटल सुरक्षा है।

## खबर संक्षेप

### बोसवाल, अहरवां में नशे के खिलाफ जागरूक किया

**फतेहाबाद।** जिलेभर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत आज एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम ने गांव बोसवाल, अहरवा और बबनपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। बोसवाल में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिव्यांशी सिंगला के नेतृत्व में नशा मुक्ति जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, जिसमें नशा मुक्ति टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस शिविर के दौरान मौके पर पहुंचे दो नशा पीड़ितों की पहचान कर काउंसलिंग की गई।

### एनएसएस स्वयंसेवकों ने सफाई अभियान चलाया

**टोहाना।** सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टोहाना में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम आकाश शर्मा ने विद्यालय का दौरा किया और स्वच्छता की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम आकाश शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं है बल्कि इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे विद्यालय और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में सक्रिय योगदान दें।

### एनएसएस को हुआ आरिएंटेशन प्रोग्राम

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा में वीरवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी 6 इकाइयों का संयुक्त रूप से ओरिएंटेशन प्रोग्राम के माध्यम से भव्य आगाज किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार के साथ चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के एनएसएस प्रभारी डॉ. रोहताश ने भी शिरकत की। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. रमेश सोनी ने बताया कि कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के श्रीचरणों में दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

### एसडीएम ने किया गांव जोतांवाली का दौरा

**डबवाली।** एसडीएम डबवाली अर्पित संगल ने वीरवार को गांव जोतांवाली में राजकीय प्राथमिक पाठशाला एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल में शिक्षण व विद्यार्थियों की उपस्थिति, मिड-डे-मील तथा स्वच्छता की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में विस्तार से सुविधाओं का जायजा लिया। एसडीएम ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

### नेशनल कॉलेज में गठित हुई पंजाबी विषय परिषद

**सिरसा।** राजकीय नेशनल कॉलेज सिरसा में पंजाबी विषय परिषद का गठन किया गया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रोफेसर रमेश सोनी ने बताया कि परिषद के छात्र-पदाधिकारियों के चयन के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें बॉबी सिंह एमए द्वितीय वर्ष को अध्यक्ष, सिमरन, एमए द्वितीय वर्ष को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। निर्मल सिंह, एमए द्वितीय वर्ष, कुलविंद्र कौर, बीए द्वितीय वर्ष व कोमल रानी एमए प्रथम वर्ष को क्रमशः सचिव, सहसचिव एवं कैशियर के पद के लिए चयनित किया गया।

### सीडीएलयू के 72 छात्रों को मिला ऑफर लेटर

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के वाणिज्य विभाग द्वारा बृहस्पतिवार को शीरबुल्स प्रा. लि., गुरुग्राम के सहयोग से प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई। कंपनी ने विभिन्न पदों के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की, जिनमें एच.आर. एडमिनिस्ट्रेशन, एच.आर. एग्जीक्यूटिव, सीआरएम एग्जीक्यूटिव, सेल्स एग्जीक्यूटिव और मार्केटिंग एंकर शामिल थे। इस ड्राइव में वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन विभाग के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## सीडीएलयू में महिला इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

# पहले मैच में सीआरडीएवी ऐलनाबाद ने एमएचडी ओढां की टीम को हराया

### प्रो. सुरेश कुमार गहलावत ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा की खेल परिषद द्वारा वीरवार को विश्वविद्यालय के बहुउद्देशीय हाल में महिला इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों की 11 टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रो. सुरेश कुमार गहलावत ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने खिलाडियों से खेल भावना को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक तंदुरुस्ती को बनाए रखते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम वर्क और आत्मविश्वास जैसे जीवन मूल्यों को भी सुदृढ़ करते हैं। प्रो. गहलावत ने प्रतिभागी छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।



सिरसा। कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### प्रतियोगिता के दौरान दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया

खेल परिषद की अध्यक्ष प्रो. मोनिका वर्मा ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर खिलाडियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि महिला खिलाडियों की बढ़ती भागीदारी विश्वविद्यालय की खेल संस्कृति को और समृद्ध बना रही है। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए उन्हें नियमित अभ्यास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढने की सलाह दी। सचिव स्पोर्ट्स कौंसिल सविता ढांडा ने बताया कि इस प्रतियोगिता के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी हंसराम कोच है। पहला मैच सीआरडीएवी ऐलनाबाद व एमएचडी ओढां के मध्य हुआ जिसमें सीआरडीएवी ऐलनाबाद ने मैच जीता। कार्यक्रम का संचालन खेल परिषद की टीम ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर ईश्वर मलिक, डॉ. जगदीश भादू, डॉ. शमशेर कासनिया, डॉ. राजेश व महाविद्यालयों के टीम इंचार्ज मौजूद रहे।

### प्रेरित कंबोज ने ताइक्वांडो में जीता स्वर्ण पदक

**सिरसा।** फतेहाबाद में आयोजित हरियाणा स्कूल गेम्ज ताइक्वांडो स्टेट चैंपियनशिप में द सिरसा स्कूल के होनहार विद्यार्थी प्रेरित कंबोज ने अपनी शानदार कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा करते हुए स्कूल व जिले का नाम रोशन किया। इसी के साथ प्रेरित कंबोज ने नागालेंड में होने वाली नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है। स्कूल प्राचार्या मनीषा गोदारा ने प्रेरित कंबोज व कोच हरपाल सिंह को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि द सिरसा स्कूल प्रबंधन द्वारा स्कूल में विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ बेहतरीन खेल सुविधाएं दी जा रही हैं। प्रशिक्षित कोचिज द्वारा विद्यार्थियों को ट्रेनिंग दी जा रही है, जिसका परिणाम सभी के सामने है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी द सिरसा स्कूल के विद्यार्थी अनेक प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता कर स्कूल व जिले का नाम रोशन कर चुके हैं।



फतेहाबाद। जिला साइंस क्विज प्रतियोगिता में अव्वल रहे पॉयनियर स्कूल के विद्यार्थी।

## पॉयनियर स्कूल की टीम ने साइंस क्विज प्रतियोगिता में बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पॉयनियर कॉन्वेंट स्कूल, फतेहाबाद ने एक बार फिर जिले में अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का लोहा मनवाया। विद्यालय की कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय के छात्रों मयंक जांगड़ा, रुद्र एवं हिमांक बंसल ने जिला स्तरीय साइंस क्विज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। यह प्रतियोगिता जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, फतेहाबाद के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसमें सीबीएसई एवं एचबीएसई से सम्बद्ध विद्यालयों की अनेक टीमों ने भाग लिया।

प्रारंभिक राउंड से लेकर अंतिम चरण तक पॉयनियर कॉन्वेंट स्कूल की टीम ने अपने गहन ज्ञान, त्वरित उत्तर देने की क्षमता और आत्मविश्वास के बल पर निर्णायकों एवं दर्शकों को प्रभावित किया। विद्यालय के निदेशक विजय निर्मोही एवं निशांत निर्मोही, प्राचार्या गीतिका महता, उप-प्राचार्या मैत्री निर्मोही एवं तनु भाटिया ने विजेता छात्रों और उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। स्कूल मैनेजमेंट ने कुशल संचालन के लिए जिला स्तरीय प्रतियोगिता के इंचार्ज मुकेश का धन्यवाद किया तथा कहा कि इस जीत ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया है बल्कि पूरे जिले और अभिभावकों का मान भी बढ़ाया है। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे निरंतर इसी प्रकार परिश्रम और लगन से आगे बढ़ें और राज्य स्तर पर भी सफलता हासिल करें।

## ऑनलाइन सट्टेबाजी एप के माध्यम से ठगी पुलिस ने पांचवें आरोपी को भी किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

साइबर अपराध और अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने ऑनलाइन सट्टेबाजी से संबंधित ठगी मामले में पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान अभिमन्यु उर्फ मन्नू पुत्र श्याम सुंदर, निवासी थाना सेक्टर-34, चंडीगढ़ वर्तमान सनसिटी, थाना सेक्टर-5, पंचकूला के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया है। इस मामले में पूर्व में पुलिस द्वारा मुख्य आरोपी पंकज कुमार पुत्र भीमसेन निवासी चौधरी कॉलोनी, फतेहाबाद को मौके से गिरफ्तार किया गया था, जिसके पास से 5 हजार नकद व एक मोबाइल फोन बरामद किया गया था। जांच के दौरान पंकज ने अपने साथियों के रूप में मोहित चौधरी, एक महिला आरोपी, अनिल कुमार मल निवासी एमसी कॉलोनी, फतेहाबाद तथा अभिमन्यु उर्फ मन्नू का नाम उजागर किया था।

### मुनाफे का झांसा देकर करते थे धोखाधड़ी

थाना शहर प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र ने बताया कि यह गिरोह भोले-भाले लोगों को अधिक मुनाफे का लालच देकर उन्हें विभिन्न ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स में निवेश करने के लिए प्रेरित करता था। एक बार निवेश होने के बाद आरोपी उनकी पूरी रकम हड़प लेते थे। यह मामला 29 मई को थाना शहर फतेहाबाद में दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि मामले की विस्तृत जांच अब भी जारी है और अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की भी गहराई से तलाश की जा रही है। स

## सैनिक स्कूल के बच्चों को सड़क सुरक्षा का महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

गांव खाराखेड़ी स्थित रॉयल सैनिक स्कूल में जिला ट्रैफिक पुलिस प्रभारी सब इंस्पेक्टर धर्मचंद द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल निदेशिका डॉ. ज्योत्स्ना, प्रशासक विक्रमादित्य, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डॉ. डीवी नेहरा ने विद्यालय परिसर में पहुंचने पर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान सब इंस्पेक्टर धर्मचंद ने बच्चों को सडक़ सुरक्षा से जुड़े चेतावनी संकेतों, अनिवार्य संकेतों तथा सूचना संकेतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि सडक़ पर चलते समय इन संकेतों का पालन करना हम सबकी सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। सब इंस्पेक्टर धर्मचंद ने सडक़ दुघर्टना संबंधित आंकड़ों के माध्यम से अनेक जीवनोपयोगी बातें बताई जो प्रत्येक नागरिक के लिए बहुत जरूरी है।



फतेहाबाद। विद्यार्थियों को ट्रेफिक नियमों बारे जानकारी देते ट्रैफिक पुलिस प्रभारी सब इंस्पेक्टर धर्मचंद।

- सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का आह्वान

### नियमों का पालन करें

स्कूल चेयरमैन डॉ. युद्धवीर सिंह ने कहा कि सडक़ सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करना हमारे जीवन की सुरक्षा के लिए अति आवश्यक है। सडक़ पर चलते समय हमें हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट का उपयोग करना और यातायात संबंधी नियमों व संकेतों का अच्छी तरह से पालन करना चाहिए। अंत में विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे यातायात नियमों का पालन कर जिम्मेदार नागरिक बनेंगे और आश्वासन दिया कि वे इस सीख को जीवन में अवश्य अपनाएंगे।



सिरसा। शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक।

## शिविर में 300 नागरिकों का जांचा स्वास्थ्य, नि:शुल्क दवाएं वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सिरसा एयरफोर्स की मेडिकल टीम ने वीरवार को गांव केलनियां में स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया। कैंप में गांव केलनियां, अहमदपुर व झोरड़नाली के 300 से अधिक ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा गया और निशुल्क दवा भी वितरित की गई। कैंप में पहुंचे ग्रामीणों का ब्लड प्रेशर, शुगर, बुखार, त्वचा संबंधी बीमारियों सहित अन्य स्वास्थ्य जांच की गई। टीम ने ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया और साफ-सफाई बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर मेडिकल टीम ने ग्रामीणों को आवश्यकतानुसार निशुल्क दवाइयां भी वितरित कीं। ग्रामीणों ने एयरफोर्स टीम द्वारा की गई इस पहल की सराहना की। मेडिकल टीम ने बताया कि बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में जरूरत के अनुसार आगे भी इस प्रकार के हेल्थ कैंप लगाए जाएंगे, ताकि लोगों को समय पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके। इस मौके पर ग्रुप कैप्टन एस. राजकुमार, वरिष्ठां चिकित्सा अधिकारी एवं विंग कमांडर तपस्या बिश्नोई, सक्वाड्रन लीडर ज्योति, जूनियर वारंट आफिसर एसके सिंह, सारजेंट धीरज गुप्ता, एके शाह, ए.ध्यानि, सरपंच अंजू बाला, सरपंच विजय कुमार, ग्राम सचिव शमिता शर्मा, मनोचिकित्सा सलाहकार राम गोपाल शर्मा सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## मेडिटेशन से छात्रों का मन रहता है शांत, तनाव होता है कम : पुनीत

- बीएड कॉलेज में मेडिटेशन सेमिनार, विद्यार्थियों को मेडिटेशन के तरीके बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

मनोहर मेमोरियल कॉलेज आफ एजुकेशन में आज मेडिटेशन सेमिनार का आयोजन किया गया। इस आयोजन का संचालन स्पोर्ट्स एवं योग क्लब की तरफ से किया गया। इस सेमिनार में कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मेडिटेशन का अभ्यास किया। मेडिटेशन सेमिनार में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य व शारीरिक स्वास्थ्य पर बल देने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया ताकि वह अपने जीवन को और अधिक ऊर्जावान बना सके। क्लब के इंचार्ज पुनीत सहारण ने विद्यार्थियों को मेडिटेशन के तरीके और इसके लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मेडिटेशन से छात्रों का मन शांत रहता है और वह ज्यादा आराम महसूस करते हैं। इससे तनाव कम होता है, तंत्रिका तंत्र शांत रहता है। उन्होंने कहा कि नियमित मेडिटेशन से छात्रों का आईक्यू भी बढ़ता है। नियमित मेडिटेशन से छात्रों की संरचनात्मक सोच समझ अन्य संज्ञानात्मक प्रतिभाएं बेहतर होती है। इस अवसर पर कॉलेज कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. गुंजन बजाज ने भी मार्गदर्शन किया।



फतेहाबाद। बीएड कॉलेज में विद्यार्थियों को मेडिटेशन बारे जानकारी देते स्टाफ सदस्य।

मार्केट न्यूज

### तनिष्क सिरसा स्टोर पर किटी पार्टी का भव्य आयोजन



**सिरसा।** शहर के प्रतिष्ठित तनिष्क स्टोर में मंगलवार को एक विशेष किटी पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर महिलाओं को नेचुरल डायमंड के महत्व, उसकी असली पहचान और विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने समझाया कि किस तरह प्राकृतिक हीरा जीवन भर अपनी चमक और मूल्य बनाए रखता है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को ब्यूटी टिप्स भी दिए गए, जिससे न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ा बल्कि उन्हें नए अंदाज में अपनी पर्सनैलिटी को निखारने के गुर भी मिले। स्टोर में आए अतिथियों ने उत्साहपूर्वक गतिविधियों में हिस्सा लिया और मनोरंजक खेलों का भी आनंद उठाया। तनिष्क की ओर से बताया गया कि इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य ग्राहकों के साथ सीधा जुड़ाव बनाना और उन्हें आभूषणों की बारीकियों के साथ-साथ फैशन व लाइफस्टाइल से जुड़ी उपयोगी जानकारी प्रदान करना है।

## चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में भारतीय मजदूर संघ ने मनाई विश्वकर्मा जयंती

*सिरसा। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा में राष्ट्रीय श्रमिक दिवस एवं बाबा विश्वकर्मा जयंती बड़े हर्षोल्लास से मनाई गई। इस मौके पर सीडीएलयू के कुलपति विजय कुमार ने कहा कि विश्वकर्मा केवल देव शिल्पी ही नहीं, बल्कि श्रम और परिश्रम के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि श्रमिक वर्ग ही राष्ट्र निर्माण का वास्तविक आधार है और विश्वविद्यालय परिवार को इस भावना से प्रेरणा लेकर कार्य करना चाहिए। मुख्य वक्ता राजीव कुमार ने कहा कि बाबा विश्वकर्मा की जयंती केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि यह दिन हमें श्रमिकों के महत्व की याद दिलाता है। श्रमिकों के बिना किसी भी समाज का ढांचा अधूरा है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति तभी संभव है, जब श्रमिक वर्ग को सम्मान और सुरक्षा मिले। जिला मंत्री चरणजीत वर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को लंबे समय से वेतन नहीं मिल रहा और प्रबंधन द्वारा दी जा रही प्रताडना असहनीय है। उन्होंने सरकार से मांग की विश्वविद्यालय में तुरंत बजट दिया जाए। विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा एवं तुरंत सर्विस रूल्स लागू किए जाएं और लंबित वेतन का भुगतान किया जाए। कार्यक्रम के उपरांत नॉन-टीचिंग कर्मचारी संघ हरियाणा की चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा की कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इसमें जगदीश लूणा को अध्यक्ष, मनीष कांगड़ा व दारा सिंह को उपाध्यक्ष, सुनील गोदारा को सचिव, सावित्री व मदन पटीर को सहसचिव, दलीप को कोषाध्यक्ष तथा अमर वर्मा और अशोक को सहकोषाध्यक्ष चुना गया। प्रेस सचिव की जिम्मेदारी कुलदीप खटक को दी गई, जबकि सह प्रेस सचिव के रूप में संजय का चयन किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दीपक शर्मा, मुकेश वर्मा और अमनदीप कंबोज को मनोनीत किया गया।*

### नेफ्रोलॉजी ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ

# मैक्स अस्पताल सिरसा में लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा शुरू

**सिरसा।** मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, मोहाली ने मेडिसिटी हॉस्पिटल और जीवन ज्योति हॉस्पिटल, सिरसा के साथ साझेदारी में अपने लिवर ट्रांसप्लांट और नेफ्रोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरूआत की। ओपीडी सेवाओं का उद्घाटन कंसलटेंट लिवर ट्रांसप्लांट डॉ. कप्तान सिंह और एसोसिएट कंसलटेंट नेफ्रोलॉजी डॉ. महक, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, मोहाली की उपस्थिति में किया गया। ओपीडी सेवाओं के लांच पर टिप्पणी करते हुए डॉ. कप्तान सिंह ने कहा, समय पर निदान और प्रारंभिक प्रबंधन लिवर की बीमारी के मरीजों के लिए परिणामों में सुधार लाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। चेतावनी संकेतों को जल्दी पहचानना और निवारक उपायों को अपनाना जीवन रक्षा और गुणवत्ता में काफी सुधार करता है। हमें खुशी है कि हम मैक्स अस्पताल, मोहाली की विश्वसनीय विशेषज्ञता को लिवर देखभाल और ट्रांसप्लांट सेवाओं को सिरसा के लोगों के करीब लाने में सक्षम हैं। अब सिरसा और उसके आसपास के लोगों को प्राइमरी परामर्श या फॉलो अप के लिए मेट्रो शहरों की यात्रा करने की आवश्यकता नहीं है।




सिरसा। ओपीडी सेवाओं के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. कप्तान सिंह। फोटो : हरिभूमि

### किडनी की बीमारियां को लेकर सावधान रहें

डॉ. महक ने कहा कि किडनी की बीमारियां अक्सर उन्नत चरणों तक पहुंचने तक डाइअग्नोस नहीं हो पाती। इन ओपीडी सेवाओं के माध्यम से, हमारा लक्ष्य किडनी से संबंधित विकारों जैसे कि पुरानी किडनी की बीमारी, किडनी की पथरी व कैंसर, या एक्यूट किडनी की चोट के लिए निवारक देखभाल, प्रारंभिक निदान, और विशेष उपचार प्रदान करना है जो मरीजों के घरों के करीब उपलब्ध हो। ओपीडी सेवाओं की शुरुआत मैक्स हॉस्पिटल, मोहाली की स्वास्थ्य देखभाल के दायरे को बढ़ाने और समुदायों को उत्कृष्टता के साथ सेवा देने के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल समस्याओं को लेकर तहसीलदार से मिला

**रतिया।** रतिया प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल प्रॉपर्टी डीलरो को प्रॉपर्टी से जुड़ी समस्याओं को लेकर अध्यक्ष प्रमोद बंसल के नेतृत्व में तहसीलदार अशोक कुमार से मिला और उन्हें प्रॉपर्टी से जुड़ी समस्याओं से अवगत करवाया। प्रमोद बंसल ने बताया कि प्रॉपर्टी डीलरों को प्रॉपर्टी संबंधित कार्यों में इंतकाल, एनडीसी तथा अन्य कार्यों में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इन समस्याओं के निदान के लिए तहसीलदार अशोक कुमार से मुलाकात की और उन्हें आ रही समस्याओं से अवगत करवाया। तहसीलदार अशोक कुमार ने प्रतिनिधियों को कहा कि प्रॉपर्टी संबंधित सभी कार्य सरकार के नियमों के अनुसार ही किए जाने चाहिए। उन्होंने बताया कि तहसीलदार अशोक कुमार ने एसोसिएशन को भरोसा दिलाया है कि शहर के किसी भी डीलर या आमजन को इंतकाल एवं एनडीसी संबंधी मामलों में कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। सभी कार्य सरकार के नियमानुसार निर्धारित समय सीमा के भीतर किए जाएंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916